■ मंडल के सभी कार्यालयों में बनाया जाएगा स्टेशन ■ स्टेशन में लगी सेंसर युक्त सेनेटाइजिंग और हाथ धोने की मशीन

कोरोना की रोकथाम

आवासन मंडल मुख्यालय में बनाया सेनेटाइजेशन स्टेशन

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर

कोरोना की रोकथाम के लिए राजस्थान आवासन मंडल प्रशासन ने मुख्यालय भवन में सेनेटाइजेशन स्टेशन बनाया है। स्टेशन में सेंसर युक्त सेनेटाइजिंग और हाथ धोने की मशीन लगाई गई है। यह स्टेशन मंडल के सभी कार्यालयों में बनाया जाएगा। आवासन आयुक्त ने बुधवार को इस स्टेशन का उद्घाटन किया।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि कर्मचारियों और आमजन के कोरोना से बचाव के लिए सेनेटाइजेशन स्टेशन की स्थापना की है। केन्द्र व राज्य सरकार के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए आवासन मंडल मुख्यालय में सेनेटाइजेशन स्टेशन की स्थापना की गई है। इस स्टेशन पर फुट पैडल के माध्यम से हाथ धो सकते हैं, साबुन ले सकते हैं और एक सेंसर युक्त सेनेटाइज मशीन लगाई गई है, जिससे बिना छुए हाथों को सेनेटाइज कर सकते हैं।

योजनाओं में ऐसे स्टेशन बनाने पर मंडल देगा 25 हजार रुपए

अरोड़ा ने बताया कि अगर आवासन मंडल की योजनाओं में मोहल्ला समितियों या रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटियों द्वारा इस तरह का सेनेटाइजेशन स्टेशन बनाया जाता है, तो आवासन मंडल उन्हें 25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देगा। आवासन मण्डल के सभी कार्यालयों में भी सेनेटाइजेशन स्टेशन बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार अब सरकारी कार्यालय पूर्ण क्षमता के साथ खोले जाएंगे, इसलिए इन सेनेटाइजेशन स्टेशन की उपयोगिता और उपादेयता और बढ़ जाती है।